जिला न्यायालय ब्यावर में संविधान दिवस मनाया

ब्यावर, (निसं)। अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश के निर्देशानुसार आज जिला न्यायालय में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, अधिवक्तागण, न्यायिक अधिकारीगण एवं न्यायालय स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में दिनेश कुमार गुप्ता, जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमल कुमार मीणा, जिला कलेक्टर रतन सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक, एडीजे-1 डॉ. वीनु नागपाल, एडीजे-2 गिरीजा भारद्वाज, एडीजे-3 विजयप्रकाश सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल कुमार सहित न्यायिक अधिकारीगण कोमल मोटियार, प्रवीण चौहान, पंकज सांखला, प्रवीण चौहान, मोनिका चौधरी, सतीश फनीन, हर्षित शर्मा एवं बार संघ सचिव अधिवक्ता नरेन्द्र शर्मा, सुनील कौशिक, सुनील जैन, दिनेश टेलर, नरपत सिंह, जयप्रकाश जांगिड, प्रवीण जैन, राकेश प्रजापति सहित कई जने मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजे-3 विजयप्रकाश सोनी ने कहा कि संविधान सर्वोपरि है तथा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान की भावना, उसके आदर्शों एवं मूल्यों का पालन करे। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में नागरिकों की भूमिका पर जोर दिया। जिला कलेक्टर कमल कुमार मीना ने संविधान दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए समानता, अधिकार एवं कर्तव्य पालन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना हमारा मार्गदर्शन करती है तथा हमें अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। बार संघ सचिव नरेन्द्र शर्मा एवं व्याख्याता कृष्ण गोपाल ने भी संविधान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन कोमल मोटियार, एसीजेएम द्वारा किया गया।

नरेंद्र मोदी विचार मंच ने लव जिहाद पर रोक की मांग बताई

अजमेर, (कासं)। लव जिहाद के बढ़ते प्रकरणों पर रोक लगाने और एक हालिया मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर ङनरेंद्र मोदी विचार मंचङ के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले में हुई एक घटना को गंभीर बताते हुए दोषियों के खिलाफ धर्मांतरण कानून के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदेश अध्यक्ष (क्रीड़ा, कला एवं संस्कृति) रूपश्री जैन ने बताया कि एक गरीब दलित दिव्यांग महिला की पुत्री को उसका मुस्लिम पड़ोसी बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके बाद जबरन धर्म परिवर्तन कर निकाह किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में प्रशासन द्वारा कठोर कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि इस प्रकार के घटनाक्रमों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके। विश्व हिंदू परिषद से जुड़े लेखराज सिंह राठौड़ ने कहा कि यह मामला गंभीर है, लेकिन पुलिस इसे दो बालिगों का आपसी निकाह बताकर औपचारिकता निभाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक विवाह का मामला नहीं, बल्कि धर्मांतरण के गंभीर आरोपों से जुड़ा विषय है, जिस पर तथ्यों के आधार पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में मांग रखी कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए तथा राजस्थान धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए प्रशासनिक स्तर पर विशेष निगरानी तंत्र स्थापित करने पर भी जोर दिया गया।

दौरान में रूपश्री जैन, मंजू शर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष, नरेंद्र मोदी विचार मंच महिला प्रकोष्ठ), कविता जैन, रुचिरा पाटनी (जिला अध्यक्ष, नरेंद्र मोदी विचार मंच महिला प्रकोष्ठ), लेखराज सिंह राठौर, एडवोकेट शिवजी धाभाई (विधि प्रकोष्ठ, विश्व हिंदू परिषद), लक्ष जैन (पूर्व जिला मीडिया प्रभारी, भाजपा) सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लोगों में रोष

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। हाल में पंचायतो व पंचायत समितियो कें पुर्नगठन को लेकर अधिसूचना जारी की गई है। उक्त अधिसूचनाएँ सुवाणा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सुवाणा, हलेड, पालडी, आरजिया, मालोला, पांसल, गठिला खेडा व आटूण की पंचायत समिति सुवाणा में शामिल नहीं करने के कारण उक्त पंचायतों के लोगों में रोष है।

स्वास्थ्य जांच की

अजमेर, (का.सं.)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा संचालित पाठशाला लीडी में अध्ययनरत बालिकाओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुल 65 बालिकाओं की एनीमिया जांच की गई। जांच के साथ-साथ बालिकाओं को एनीमिया के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जागरूक भी किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि एनीमिया होने पर शरीर में खून की कमी हो जाती है, जिससे शारीरिक कमजोरी और कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लीडी की एएनएम सुमित्रा रावत एवं आशा सहयोगिनी प्रियंका वैष्णव ने बालिकाओं के सैंपल लिए और उन्हें जरूरी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरी सब्जियाँ, विशेषकर पालक और चुकंदर का नियमित सेवन, एनीमिया की कमी को रोकने में अत्यंत सहायक होता है।

सरस डेयरी के बढ़े दूध भाव से दूधिए खुश

नसीराबाद, (निसं)। नसीराबाद शहर के ग्राम झड़वासा में दूध उत्पादकों के बीच खुशी का माहौल है। अजमेर सरस डेयरी ने दुग्ध उत्पादकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए दूध का भाव बढ़ाया, जिसके बाद ग्रामीण इलाकों के दूधियों ने अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रदेश संगठन मंत्री, राजस्थान राज्य दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां सचिव संघ, पारसमल जैन ने बताया कि 14 नवंबर को हुई आमसभा में फेंट पर 0.25 पैसे की बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया। इसके परिणामस्वरूप दूध उत्पादकों को प्रति लीटर 1.50 रुपये अधिक मिलना शुरू हो गया है, जो 21 नवंबर से लागू हो चुका है। इस बढ़ोतरी से दूधियों में भारी खुशी और संतोष देखने को मिला। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि डेयरी सचिवों के वेतन में वृद्धि कर उन्हें भी लाभान्वित किया गया है।

झड़वासा डेयरी सचिव विनोद जैन सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष दूध उत्पादक मौजूद रहे।

झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह 30 दिसम्बर को

अजमेर, (कासं)। स्वामी हिरदाराम साहिब के आशीर्वाद से सांई बाबा मंदिर अजमेर, ताराचंद हुंदलदास खानचंदानी सेवा संस्था, श्री अमरापुर सेवा घर, सिंधी समाज महासमिति, सिंधी लेडीज क्लब व मास्टर वासुदेव मंघानी सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय ङश्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोहङ का आयोजन मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025 को सांई बाबा मंदिर, अजय नगर में होगा।

समारोह का प्रथम निमंत्रण बुधवार को शहनाई और ढोल-धमाकों के साथ संरक्षक महेश तेजवानी और चन्द्र वासुदेव मंघानी की अध्यक्षता में आगरा गेट स्थित गणेश मंदिर से प्रारम्भ किया गया। इसके बाद विवाह कार्ड व मिष्ठान भेंट कर श्री झूलेलाल धाम, सांई बाबा मंदिर, जताई दरबार तथा पुष्करराज स्थित स्वामी हिरदाराम जी की कुटिया और श्री शांतानंद उदासीन आश्रम में आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

संयोजक कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि गणेश मंदिर के पंडित घनश्याम आचार्य ने सामूहिक कन्यादान को पुण्य का कार्य बताते हुए शुभकामनाएँ दीं और कहा कि श्री गणेश जी महाराज इस सेवा कार्य को सफलता प्रदान करेंगे। झूलेलाल धाम पर ट्रस्टी प्रभु लौंगानी ने इष्टदेव के समक्ष पूजा अर्चना की। वहीं, अजय नगर स्थित सांई बाबा मंदिर में पंडितजी ने पूजा कर निमंत्रण प्रस्तुत किया और मंगलकामना की। स्वामी दांदूराम साहिब जताई दरबार, नगीना बाग पर भाई फतन दास द्वारा गुरुजनों से कार्यक्रम की सफलता के लिए अरदास की गई।

सह-संयोजक हरी चन्दनानी ने बताया कि स्वामी हिरदाराम जी सदैव पराई कन्या के विवाह को परम पुण्य कार्य बताते थे और मानते थे कि इससे परिवार में सुख-शांति का विस्तार होता है। इसी भाव के साथ सेवाधारियों ने स्वामी जी की कुटिया में स्थित समाधि स्थल पर प्रार्थना की और कार्यक्रम की निर्विघ्न सफलता का आशीर्वाद मांगा।

इस अवसर पर शंकर बदलानी, दिशा किशनानी, गिरधर तेजवानी, कुसुम आर्य, महेन्द्र तीर्थाणी, हरीश झामनानी, रमेश टिलवानी, ईश्वर भम्भानी, रमेश एच. लालवानी, महेश आडवानी, चन्द्र नौतानी, महेश बदलानी, पुरुषोत्तम तेजवानी, हरीश तनवानी, प्रकाश जेठरा सहित समारोह से जुड़े अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

गांवड़ी के ग्राम पंचायत बनने पर जितेन्द्र सिंह जोधा का स्वागत

डीडवाना, (नि.सं.)। डीडवाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गांवड़ी को नवसृजित ग्राम पंचायत का दर्जा मिलते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद उत्साहित ग्रामीण बड़ी संख्या में भाजपा विधानसभा प्रत्याशी रहे जितेन्द्र सिंह जोधा के आवास पहुंचे और उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर बधाई दी, मिठाइयाँ बांटी और पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इज़हार किया।

ग्रामवासियों ने राज्य सरकार और भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह जोधा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब गांव के विकास, आधारभूत सुविधाओं और जन समस्याओं के निराकरण में नई उम्मीदें जाग उठी हैं।

गांवड़ी के कई ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मदन सिंह (पूर्व सरपंच), कल्याण सिंह, सोहन सिंह, रेंवत मल शर्मा, कालूराम आचार्य, राजेन्द्र सिंह, दयाल सिंह, रामस्वरूप मेघवाल, घासीराम दमामी, आनंद सिंह, समंदर सिंह, पृथ्वी सिंह, हरि सिंह, पृथ्वी सिंह ढिगारिया, शैलेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गांवड़ी के ग्रामवासी शामिल हुए।

जोधा ने ग्रामीणों के उत्साह का आभार जताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत बनने से गांवड़ी के विकास कार्यों को तेज गति मिलेगी और आमजन की समस्याओं के समाधान में और अधिक सुगमता आएगी। उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास के लिए बड़ा निर्णय बताया। जोधा ने मीडिया से रूबरू होते प्रदेश में पंचायतों और पंचायत समितियों के पुनर्गठन के सरकार के फैसले पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और प्रदेश सरकार का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव में डीडवाना और मौलासर पंचायत समितियों के साथ नव सृजित डीडवाना - कुचामन जिला परिषद में भाजपा विजय हासिल करेगी।

प्रदर्शन किया

भीलवाड़ा, (नि.संत्र)। श्रमिकों द्वारा राष्ट्रपति को नए लेबर कोड को वापस लेने का ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से दिया गया। सभी श्रमिक संघ संगठनों के पदाधिकारी व सदस्यों ने मुखर्जी पार्क से रैली निकालकर आक्रोश व्यक्त किया। मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के श्रमिक साथी रामेश्वर लाल जाट यूनिट सेक्रेटरी, कपिल वर्मा कोषाध्यक्ष, महावीर पांडे स्टेट कमेटी मेंबर, कुलदीप सिंह, सत्यनारायण साहू जॉइंट सेक्रेटरी, ललित दाधीच, रूपेश साहू, रघुवीर राजपुरोहित, राजेंद्र पांडे, सोहन सिंह, गिरिराज मेघवाल, संदीप सोमानी सहित श्रमिकों ने प्रदर्शन किया।

जंगल में फांसी लगाई

पुष्कर, (निसं)। पुष्कर के वन विभाग के जंगल में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुष्कर थाना अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि अजमेर रोड चुंगी नाके के पास वन विभाग के जंगल में एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली है यह लाश लगभग 10 से 15 दिन पुरानी लग रही है। एएसआई हरबान सिंह सहित थाने के पुलिस कर्मियों ने पेड़ पर लटकी लाश को नीचे उतारा मृतक के पास एक बैग भी पड़ा था बैग मेंकपड़े के अलावा कुछ नहीं मिला लेकिन मृतक की जेब में मोबाइल था मोबाइल से प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक जोधपुर के आसपास के किसी गांव का है।

पहली बार जेएलएन अस्पताल में जटिल हार्ट बाईपास ऑपरेशन सफल

अजमेर, (कासं)। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय (जेएलएन) के इतिहास में पहली बार जटिल हार्ट बाईपास सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। 70 वर्षीय एक पुरुष मरीज को पिछले दिनों छाती में तेज दर्द की शिकायत होने पर जेएलएन के कार्डियोलॉजी विभाग में डॉ. प्रमोद पारीक को दिखाया गया। जांच के दौरान की गई एंजियोग्राफी में पता चला कि उसकी हृदय की तीनों प्रमुख धमनियों में गंभीर ब्लॉकेज है और उसकी स्थिति ऐसी नहीं थी कि एंजियोप्लास्टी संभव हो सके।

विशेषज्ञों ने तत्काल बाईपास सर्जरी की सलाह दी। इसके बाद अस्पताल के सीटीवीएस विभाग प्रमुख डॉ. प्रशांत कोठारी ने मरीज की विस्तृत जांच कर उसे 19 नवंबर को बाईपास सर्जरी के लिए लिया। यह सर्जरी अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी, क्योंकि मरीज की हृदय की पम्पिंग क्षमता मात्र 30 से 35 प्रतिशत ही रह गई थी। इसके बावजूद विशेषज्ञ टीम ने धैर्य और विशेषज्ञता के साथ ऑपरेशन को सम्पन्न किया। सर्जरी के दौरान एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. खरे के मार्गदर्शन में डॉ. पूजा माथुर, डॉ. कुलदीप और डॉ. कुशांक ने मरीज को सुरक्षित बेहोशी प्रदान की। इसके बाद आईसीयू टीम द्वारा उत्कृष्ट पोस्ट-ऑपरेटिव केयर दी गई, जिसके कारण मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है और डिस्चार्ज के लिए तैयार है।

इस महत्वपूर्ण सर्जरी में सीटीवीएस टीम के डॉ. प्रशांत कोठारी, डॉ. तेजकरण सैनी, डॉ. प्रेम मीणा, डॉ. नीतिका मीणा, परफ्यूजनिस्ट अभिषेक मिश्रा तथा समस्त ओटी और आईसीयू स्टाफ ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अजमेर के प्रिंसिपल डॉ. अनिल सांकमारिया ने जानकारी दी कि मरीज की यह जटिल बाईपास सर्जरी मुख्यमंत्री आरोग्य योजना के अंतर्गत पूर्णतया निःशुल्क की गई है। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों में इसी प्रकार की सर्जरी की लागत डेढ़ से दो लाख रुपये तक होती है, जबकि जेएलएन में यह बिना किसी शुल्क के सम्पन्न हुई।

इस उपलब्धि को चिकित्सा जगत में अजमेर संभाग के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नाम परिवर्तन

मैं मोहनी देवी पत्नी स्व. लिगमा राम जिनका (आर्मी न. 1199914) पूर्व में मेरा नाम मोहनरी देवी था जिसे बदल कर मैने अपना नाम मोहनी देवी रख लिया है अतः भविष्य में मुझे सभी आवश्यक कार्यों के इसी नाम से जाना पहचाना जाए। पता-मोहनी देवी पत्नी स्व. लिगमा राम सिंह पो. सिंघाना तह. डीडवाना जिला डीडवाना कुचामन

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: योजना/2025-26/614 — सार्वजनिक सूचना — दिनांक: 26/11/25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अपर्णा सिंह पुत्री श्री महावीर नारायण माथुर निवासी पुष्पा मार्ग धोलाभाटा, अजमेर के द्वारा नगर निगम की धोलाभाटा योजना के आवासीय भूखंड संख्या ए-5 क्षेत्रफल 299 वर्गगज का नामान्तरण करवाये जाने बाबत दस्तावेज संलग्न कर आवेदन सं. LSG/AJMER/MUT/2025-26/151002 दिनांक 29.9.2025 को नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उक्त भूखंड मूल आवंटी श्री सुधीर खन्ना पुत्र श्री सोहनलाल खन्ना के नाम से दर्ज है जिसकी लीज डीड दिनांक 6.11.1992 संलग्न किया गया है। श्री सुधीर खन्ना जरिये निष्पादित पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 4.1.2000 के द्वारा श्रीमती सतीश्वर्ड पत्नी श्री मेठराम शिवदासानी के नाम से निष्पादित की गयी है। श्रीमती सतीश्वर्ड जरिये पंजीकृत वसीयत दिनांक 12.12.2000 के द्वारा श्रीमती मोहिनीदेवी पत्नी श्री किशनचन्द को वसीयत निष्पादित की गई। श्रीमती मोहिनीदेवी जरिये मुख्त्यारआम श्री महेश कुमार सुजानानी को मुख्त्यारआम नियुक्त किया गया था। श्री महेश कुमार सुजानानी जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 23.4.2004 को श्री महावीर नारायण माथुर व श्रीमती निर्मला माथुर को भूखण्ड विक्रय किया गया। राजस्व प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती अपर्णा सिंह (पुत्री) विधिक वारिस है। उक्त प्रकरण का निष्पादन राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 116 के तहत आवेदित है जिसका निष्पादन धारा 118 के तहत प्रक्रियाधीन किया गया है। इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आपत्ति प्रकाशन से 07 कार्य दिवस के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों को अजमेर नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में देखने/पढ़ने के लिए खुला रखा गया है इस अवधि में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/आम खास को कोई आपत्ति उज्र हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 कार्य दिवस में मय पुख्ता दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: ननिअ/69क/2025-26/84 — आपत्ति सूचना — दिनांक-26/11/25

श्री नीरतमल गहलोत पुत्र श्री बरसीमल गहलोत निवासी आदर्श बाल स्कूल वाली गली मासुपुरा अजमेर द्वारा प्रस्तावित स्थल आदर्श बाल स्कूल वाली गली मासुपुरा अजमेर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 188.23 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है -

पूर्व- महेन्द्र कुमार शर्मा का मकान — पश्चिम- 7 फीट चौड़ा रास्ता
उत्तर- जावको का बाड़ा — दक्षिण- जगदीश चौधरी का मकान

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 3 दिवस के अंदर-अंदर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप/आपत्ति नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

टैलीफोन नम्बर- 01452-773025 — सदर बाजार बदी घाट के पास पुष्कर — ई-मेल-nppushkar.nagarpalika@gmail.com
क्रमांक- न.प.पु./भूमि/2025/2791 — उजरदारी सूचना — दिनांक: 26-11-25

निम्न आवेदक ने अपनी खरीदशुदा/पट्टासुदा/वख्शीशशुदा सम्पत्ति के आवासीय पट्टा हेतु नगर परिषद पुष्कर में आवेदन किया है, जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था इत्यादि को उक्त कार्यवाही में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम मय पिता/पति का नाम	स्थान	क्षेत्रफल	चतुर्थ सीमा	
1	श्री लाल चन्द खत्री पुत्र श्री बिशनदास, रेखा खत्री पत्नि लाल चन्द, मनीष खत्री, करण खत्री पुत्रगण लाल चन्द	ख.नं. 1702 प्लाट नं. 1 विनायक नगर बी गनाहेडा पुष्कर	666.66 वर्ग गज	पूर्व- रास्ता पश्चिम-रास्ता	उत्तर- रास्ता दक्षिण- प्लाट नं. 69

- आयुक्त, नगर परिषद पुष्कर

कार्यालय नगर परिषद पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

टैलीफोन नम्बर- 01452-773025 — सदर बाजार बदी घाट के पास पुष्कर — ई-मेल-nppushkar.nagarpalika@gmail.com
क्रमांक- न.प.पु./भूमि/2025/2794 — उजरदारी सूचना — दिनांक: 26-11-25

निम्न आवेदक ने अपनी खरीदशुदा/पट्टासुदा/ सम्पत्ति के आवासीय पट्टा हेतु नगर परिषद पुष्कर में आवेदन किया है, जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था इत्यादि को उक्त कार्यवाही में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम मय पिता/पति का नाम	स्थान	क्षेत्रफल	चतुर्थ सीमा	
1	श्री चन्द्र प्रकाश सदनानी पुत्र श्री बालकिशन सदनानी	प्लाट नं. 83 राजस्व ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर विनायक नगर-बी	200 वर्ग गज	पूर्व- भगवान श्री आदिनारायण की भूमि पश्चिम- रास्ता	उत्तर- प्लाट नं. 82 दक्षिण- प्लाट नं.84

- आयुक्त, नगर परिषद पुष्कर

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/नामान्तरण/2025/2269 — आम सूचना — दिनांक: 26-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 649/2 पर स्थित 'श्री गंगा विहार' के आवासीय (भूखण्ड संख्या 41 क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज) पर श्री अमित कुमार साहू पुत्र श्री गोपीकिशन साहू ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण करना चाहा गया है। उक्त भूखंड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- भूखंड संख्या 46 — पश्चिम में- 30 फीट का रास्ता
उत्तर में- भूखण्ड सं. 42 व 43 — दक्षिण में- भूखंड संख्या 40

अतः उक्त नामा हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद-मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नहीं होगा।

-प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/नामान्तरण/2025/2267 — आम सूचना — दिनांक: 26-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 949 पर स्थित 'पण्डित फतेहलाल नगर' के आवासीय (भूखण्ड संख्या 102 मय खांचा भूमि क्षेत्रफल 495.00 वर्गगज) पर 1. श्री गोविन्द सिंह राठौड़ पुत्र श्री चावण्ड सिंह राठौड़ 2. श्रीमती दुर्गेश कंवर राठौड़ पत्नि श्री गोविन्द सिंह राठौड़ ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण करना चाहा गया है। उक्त भूखंड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- नाला — पश्चिम में- भूखंड सं. 101
उत्तर में- भूखण्ड सं. 92 व 93 — दक्षिण में- 30 फीट का रास्ता

अतः उक्त नामा हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद-मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नहीं होगा। -प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़

NAME CHANGE

I,DAZY DEVI spouse of No. 15782102Y, HAV (DMT) AMRESH KUMAR of 501 AD MSL Regt (MRSAM) C/O 56 APO, Kutulpur,PO-Bohiya,Gaya,Mow,(Bihar) 824235,have changed my name and D.O.B from DAZY DEVI to DAIJI DEVI and 22-05-1986 to 01-01-1987 in my Husband Army Service Records.aff-CA 838383,date- 26 NOV 2025, Before Notary Mohammad Javed Nasirabad

NAME CHANGE

I,Mohammoda Bibi is real Mother of No 15792166X, HAV,(OFC) Surojit Mollick 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 apo.Nabadurga, Katna, Murshidabad (W.B)742168,have changed my name D.O.B from MOHAMMODA BIBI to AHAMMADA BIBI and 01-07-1968 to 06-01-1965 in my son's army service records,aff-CA 838384.date-26 Nov 2025.Before Notary Mohammad Javed Nasirabad

NAME CHANGE

I,No.JC-858197N,SUB N VENKITESWARAN.of 501 AD MSL Regt (MRSAM) C/O 56 APO 7/290 Amman Nagar Nachiyarpatti,PO-Nchchiyarkoil, dist-Virudhunagar ,(Tamil Nadu)626125.have changed my daughter name from V RENUGA DEVI to RENUGA DEVI V in my army service records.aff-CA 838341.date-15 NOV 2025.Before Notary Mohammad Javed Nasirabad

NAME CHANGE

I Parwati Devi Samant mother of Army No.JC-302647L, SUB, Yashpal Singh Samant, Residing at Vill:- Bilheeri(Chakarpur),Po:- Chakarpur, Teh:- Khatima, Distt:- Udham Singh Nagar, Uttarkhand, 262308 have change my name from Parwati Devi Samant to Parwati Devi vide affidavit no CA 839427 dt 26/11/2025 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I Dan Singh Samant father of Army No.JC-302647L, SUB, Yashpal Singh Samant, Residing at Vill:- Bilheeri(Chakarpur),Po:- Chakarpur, Teh:- Khatima, Distt:- Udham Singh Nagar, Uttarkhand, 262308 have change my name from Dan Singh Samant to Dan Singh vide affidavit no CA 839426 dt 26/11/2025 at court campus Nasirabad

प्रपत्र संख्या-35
आह्वान प्रपत्र
न्यायालय श्रीमान जिला एवं सेशन न्यायाधीश,अजमेर
दीवानी विविध संख्या 148/2025
शैलेन्द्र बीजावत बनाम आम जनता
शैलेन्द्र बीजावत पुत्र श्री हरिकिशन बीजावत आयु 52 वर्ष निवासी 245 होली धडा, अजमेर
.....प्रार्थी
बनाम
आम जनता। .....अप्रार्थी
प्रपत्र वास्ते सूचना
आम सूचना
सर्व साधारण को जरिये इस प्रपत्र के सूचित किया जाता है कि प्रार्थी शैलेन्द्र बीजावत पुत्र श्री हरिकिशन बीजावत आयु 52 वर्ष निवासी 245 होली धडा, अजमेर ने इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 276 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अन्तर्गत प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मृतक रामेश्वरलाल गर्ग पुत्र श्री प्यारेलाल गर्ग निवासी घी मंडी नया बाजार अजमेर के द्वारा छोड़ी गई अचल सम्पत्ति जो कि मूल प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न अनुसूची-अ के अनुसार है के बाबत प्रोबेट प्रमाण पत्र प्रदान किया जावें। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त मृतक द्वारा छोड़ी गई अचल सम्पत्ति जो कि मूल प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न अनुसूची-अ के बाबत प्रोबेट पत्र प्रदान किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई ऐतराज/अभिरूचि है तो उसे सूचित किया जाता है कि वह इस न्यायालय के समक्ष आगामी तारीख पेशी दिनांक 5.1.2026 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित होकर अपने ऐतराज पेश कर सकते हैं और कार्यवाही मुकदमा में भाग ले सकते हैं। बसब्ल मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 25.11.2025 को जारी किया गया है।
- वरिष्ठ मुसरिम, न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/SDRC/2025/2261 — आम सूचना — दिनांक: 26-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज पर स्थित 'शिवाजी नगर' के आवासीय (भूखण्ड संख्या 132 क्षेत्रफल 225.00 वर्गगज में से विखंडित भूखण्ड क्षेत्रफल 112.50 वर्गगज) पर श्रीमती मोन्टी पत्नि श्री अजीत ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है। उक्त भूखंड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- भूखंड सं. 132 पर शेष भू-भाग जो श्री आयुष सैन को विक्रय किया गया जा रहा है — पश्चिम में- भूखंड सं. 133 पर निर्मित श्री गोपाल सिंह का निवास
उत्तर में- 30 फीट का रास्ता — दक्षिण में- भूखंड सं. 115 पर निर्मित झुंझार जी पुरोहित का मकान

अतः उक्त उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद-मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नहीं होगा। -प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/SDRC/2025/2263 — आम सूचना — दिनांक: 26-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज पर स्थित 'शिवाजी नगर' के आवासीय (भूखण्ड संख्या 132 क्षेत्रफल 225.00 वर्गगज में से विखंडित भूखण्ड क्षेत्रफल 112.50 वर्गगज) पर श्री आयुष सैन पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार सैन ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है